cfa.vic.gov.au

आग से सुरक्षा के लिए संदेश – गर्मी का मौसम 2022 - 2023

प्रमुख महत्वपूर्ण संदेश

- गर्म, सूखे, हवादार दिनों में आग शुरू हो सकती है और तेजी से फैल सकती है।
- आग के खतरे का स्तर Extreme या Catastrophic होने पर आग लगने से पहले जल्दी छोड़कर निकलना सबसे सुरक्षित विकल्प होता है।
- यदि आप प्रतीक्षा करके आग लगने के बाद छोड़कर निकलने का निर्णय लेते/ती हैं, तो आप अपने परिवार को घने धुएं, गिरे हुए पेड़ों और बिजली के तारों से होकर ड्राइव करने का खतरा उठाते/ती हैं, और आपके लिए गाड़ी टकराने, आग में फंस जाने, गंभीर शारीरिक नुकसान होने या मृत्यु होने का खतरा रहता है।
- अपने परिवार और दोस्तों से इस बारे में बात करें कि आपको कैसे पता चलेगा कि आप कब निकलकर जाएंगे/गी, आप कहां जाएंगे/गी और आप वहां कैसे पहुंचेंगे/गी।
- Extreme या इससे ऊँचे आग के खतरे के स्तर आपके लिए छोड़कर निकलने का संकेत होना चाहिए। आग के खतरे के स्तरों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए cfa.vic.gov.au/firebans पर जाएं।
- यदि आपको धुआं या आग दिखाई देती है, तो ड्राइव करना बेहद खतरनाक होता है। घने धुएं में देख पाना कठिन होता है, जिससे ट्रैफिक जाम लगने और टक्कर होने की संभावना अधिक हो जाती है। देख पाना कठिन होने से यह जान पाना मुश्किल हो जाएगा कि आग कहां पर है। यात्रा करना खतरनाक होगा।
- घास या खेत में लगी आग में फंसने पर किसी ऐसी जगह पर चले जाएँ जहाँ वनस्पति कम से कम हो, जैसे खेत में ऐसा क्षेत्र जिसकी जुताई की गई हो या जहां काफी अधिक घास चर ली गई हो, और फिर परिस्थितियों व सूचना स्रोतों की निगरानी करें।
- यदि आप घास के मैदान, पार्क्स अथवा (मेल्बर्न या ग्रामीण शहरों के बाहरी इलाके में) पैडॉक्स के करीब निवास या काम करते/ती हैं, तो इस गर्मी के मौसम में आपके लिए आग का खतरा हो सकता है।
- यदि आप किसी सबर्ब में घास के मैदान के बिल्कुल बगल में रहते/ती हैं और घास की आग शुरू होती है, तो सुरक्षा और परिस्थितियों की निगरानी के लिए आग से कम से कम दो सड़कें पीछे चले जाएं। गाड़ी न चलाएं। आपात सेवाओं के लिए सड़कों को खाली रखें।
- और अधिक जानकारी यहाँ उपलब्ध है: emergency.vic.gov.au और cfa.vic.gov.au/warnings-restrictions/about-warnings
- इस बारे में अवगत रहें कि सूचना कैसे प्राप्त की जाए और कौन से सूचना चैनल आपके लिए कारगर हैं।
- चेतावनियों के लिए हमेशा जानकारी के एक से अधिक स्रोतों का उपयोग करें। एबीसी लोकल रेडियो, कमर्शियल और नामित सामुदायिक रेडियो स्टेशनों या स्काई न्यूज़ टीवी के लिए ट्यून इन करें, VicEmergency हॉटलाइन (1800 226 226) पर फोन करें, वेबसाइट emergency.vic.gov.au पर जाएं, और VicEmergency ऐप डाउनलोड करें।

- चेतावनियों के अलग-अलग स्तरों को और उनका मतलब समझना सुनिश्चित करें:
    - ADVICE – क्षेत्र में आग लग रही है या लगी हुई है। जानकारी प्राप्त करें और परिस्थितियों की निगरानी करें
    - WATCH AND ACT (चेतावनी) – पास में आपातस्थिति विकसित हो रही है। आपके लिए खुद को और दूसरों को बचाने के लिए अभी कदम उठाना ज़रूरी है।
    - EMERGENCY WARNING – आपके लिए तत्काल खतरा है और अभी कदम उठाना ज़रूरी है। आप प्रभावित होंगे/गी
    - EVACUATION (अभी खाली करने की तैयारी करें या खाली करें) – खाली करने की सलाह दी जाती है या खाली करने की प्रक्रियाएं लागू हैं।

मीडिया संपर्क: 1300 CFA MEDIA या cfamedia@cfa.vic.gov.au